6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण
महानगर वर्ष 58 : अंक 60 : पृष्ठ : 22+4 : मूल्य : सात रुपये

अमर उजाला

चैत्र नवरात्र आज से... मां शैलपुत्री ...अपना शहर
बरेली | बृहस्पतिवार, 19 मार्च 2026

PAGE NO : 06 TOP

श्री राममूर्ति स्मारक कॉलेज में कैंपस प्लेसमेंट

बरेली (वि)। श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एसआरएमएस) में 2026 बैच के लिए कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया। इसमें 25 विद्यार्थियों में से पांच अगले दौर के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए। इस ड्राइव में श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च के छात्रों ने भी भाग लिया। ट्रेनिंग डेवलपमेंट एंड प्लेसमेंट के निदेशक डॉ. अनुज कुमार ने कंपनी प्रतिनिधि तुषार सक्सेना का स्वागत किया। कंपनी के एचआर ने अभ्यर्थियों को कंपनी की जानकारी दी और उनके प्रश्नों के उत्तर दिए। बीटेक, एमबीए एवं एमसीए के विद्यार्थियों का ग्रुप डिस्कशन हुआ। तुषार सक्सेना ने संस्थान के शैक्षणिक माहौल और विद्यार्थियों के विकास प्रयासों की सराहना की। शाइस्ता कमर जैदी, रिया मेरी रेजी और राहुल सक्सेना ने आयोजन में योगदान दिया। डॉ. अनुज कुमार ने कंपनी के प्रति आभार व्यक्त किया।